सत्यमेव जयते

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes

(भारत के संविधान के अनुच्छेद 338क के अंतर्गत दीवानी न्यायालय की शक्तियों को प्रयोग करने वाला एक संवैधानिक निकाय)
(A Constitutional body exercising powers of a Civil Court under Article 338A of the Constitution of India)

NOTICE

फा. सं.: NCST/DEV-1345/MP/1/2023-ESDW **दिनांक: 01.03.2023**

सेवा में,

श्री रवीन्द्र कुमार चौधरी,
कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट
जिला - शिवपुरी
कलेक्टर कार्यालय भवन,
शिवपुरी -473551,
मध्य प्रदेश
ई मेल: dmshivpuri@nic.in

विषय: ग्राम दंगबरबे के भूमि सर्वे नंबर 60 रकबा 2.06 हैकटैर को कमला, पुत्री पांचू, जाती सहरिया द्वारा फर्जी तरीके से अपने नाम नामांतरण कराकर उक्त भूमि को चन्दन धाकड़ को विक्रय व चन्दन धाकड़ द्वारा हरी पुत्र नंद्रू के नाम गलत तरीके से रजिस्ट्री कराये जाने के कारण नामांतरण व रजिस्ट्री निरस्त करने के आदेश करने बाबत श्री रमेश आदिवासी, निवासी डांगवर्वे, तहसील-पोहरी, जिला-शिवपुरी, मध्य प्रदेश का अभ्यावेदन।

चूंकि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग को **श्री रमेश आदिवासी से** एक याचिका/शिकायत/सूचना प्राप्त हुई है (प्रति संलग्न), और आयोग ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 338क के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का अनुसरण करते हुए इस मामले का अन्वेषण/जांच करने का निश्चय किया है।अतः आपसे एतद्द्वारा अनुरोध किया जाता है कि आप सूचना के प्राप्त होने के **15 दिनों के भीतर** अधोहस्ताक्षरी को डाक से या वैयक्तिक रूप से उपस्थित होकर या किसी अन्य संचार साधन से संबन्धित आरोपों/मामलों और सूचनाओं पर की गई कार्रवाही से सम्बंधित सूचना प्रस्तुत करें ।

कृपया ध्यान रखें कि यदि नियत अवधि में आयोग में आपका उत्तर प्राप्त नहीं होता है तो आयोग भारत के संविधान के अनुच्छेद 338क के अंतर्गत उसे प्रदत्त सिविल न्यायालय की शक्तियों का प्रयोग कर सकता है तथा वैयक्तिक रूप से या प्रतिनिधि के माध्यम से आयोग के समक्ष उपस्थित होने के लिए आपको 'समन' भी जारी कर सकता है ।

संलग्न यथोपरि.

(एच. आर.मीना)
अनुसंधान अधिकारी

प्रतिलिपि संलग्न:

श्री रमेश आदिवासी,
निवासी डांगवर्वे,
तहसील-पोहरी,
जिला-शिवपुरी,
मध्य प्रदेश

3333-34 o/c
जारी किया
ISSUED